

# कक्षा 8, 9

# द्वितीय भाषा

# हिंदी


बाल-बगीचा - 3
F
द्वितीय भाषा हिंदी कक्षा - 8 की पाठ्यपुस्तक
Hindi Second Language
Class - VIII
आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा प्रकाशित, हैदराबाद
आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा निशुल्क वितरण


सुगंध-1
F
कक्षा - 9
द्वितीय भाषा-हिंदी
IX Class Hindi Second Language

# शैक्षिक मापदंड भार तालिका

| | | |
|---|---|---|
| 1.अर्थग्राह्यता प्रतिक्रिया | 20 अंक | 25% |
| 2.अभिव्यक्ति सृजनात्मकता | 40 अंक | 50% |
| 3.भाषा की बात | 20 अंक | 25% |
| कुल | 80 अंक | 100% |

1. एक प्रश्न एक अंक,

2. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं,

# प्रश्नों के प्रकार
# वस्तुनिष्ठ प्रश्न
# विकल्पों में चुनकर उत्तर पहचानना

# प्रश्नों के प्रकार

पाठ्य का अनुच्छेद - शीर्षक बताना

गद्दय एवं पद्य - प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में पहचानना

वार्तालाप कर पत्र

कार्टून चित्र पहेली

किसी व्यक्ति के बारे में जान कारी देकर उसके स्वभाव के बारे में -

विज्ञापन घोषणा

संदेशा (मोबाइल फोन पर)

पत्र निबंध

## गद्यांश पढकर प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में पहचानिए

एक लड़का था। उसका नाम राजेश था। वह जंगल में जा रहा था। रास्ते में उसे एक सोने का सिक्का मिला। वह सोचने लगा – “ यह सिक्का मेरा तो है ही नहीं, इसे क्या करूँ लेकर.... जाने किस बेचारे का सिक्का यहाँ गिर गया है।

1. राजेश कहाँ से गुजर रहा था?

1. जंगल
2. महल
3. नगर
4. गाँव

2. उसे रास्ते में क्या मिला?

1. रुपये
2. सोना
3. सिक्का
4. जानवर

3. यह गद्यांश इस पाठ से लिया गया है

1. राजा बदल गया
2. प्यारा गाँव
3. कौन?
4. धरती की आँखें

गद्यांश पढकर दिये गए प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में पहचानिए ।

हॉलैंड यूरोप का एक प्रसिध्द देश है ।यह देश समुद्र तट पर बसा हुआ है ।देश को समुद्र के पानी से बचाने के लिए लोगों ने एक बडी दीवार बना रखी थी ।दीवार के पास एक छोटे से गाँव में एक मजदूर रहता था।इसका बेटा पीटर भी इसी रास्ते से होकर स्कूल जाया करता था।

1.समुद्र तट पर कौन-सा देश बसा हुआ था?

A. फिनलैंड B. पौलैंड

C. आईलैंड D. हॉलैंड

2. लोगों ने गाँव की रक्षा के लिए क्या किया?

A. घर बनाये B. सिनेमा घर बनाये

C. दीवार बनाये D. आराम घर बनाये

कविता पढकर दिये गए प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में पहचानिए ।

पर्वत कहता शीश उठाकर,
तुम भी उँचे बनजाओ ।
सागर कहता है लहराकर,
मन में गहराई लाओ ।

1 प्रकृति किसे सीख दे रही है ?

A. मनुष्य को B. जानवर को

C. पक्षी को D. पेड पौधों को.

2. शीश उठाकर उँचे बनने केलिए यह कह रहा है ?

A. पर्वत B. समुद्र

C. आकाश D. पेड

3. मन में क्या लाने को सागर कह रहा है ?

A. निचाई लाने B. उँचाई लाने

C. गहराई लाने D. खाई लाने

4. ऊँचे शब्द का एक वचन पहचानिये।

A. ऊँचा

B. ऊँची

C. ऊँचौ

D. ऊँचो

5. यह कविता इस पाठ से दिया गया है

A. मेरा जीवन

B. प्रकृति की सीख

C. जिस देश में गंगा बहती है

D. तारे जमीं पर

कविता पढकर दिये गए प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में पहचानिए ।

बरस रहा है रवि अनल, भूतल तवा- सा जल रहा।
चल रहा सन-सन पवन, तन पसीना ढल रहा,
दखो कृषक शोणित सुखाकर, हल तथापि चला रहे।
किस लोभ से इस आँच में, अपना जला रहे?

1. काव्यांश में किस ऋतु का वर्णन किया गया है?

A. शरद ऋतु B. ग्रीष्म का

C. हेमंत का D. वर्षा ऋतु का

2. किसान के शरीर से पसीना क्यों बह रहा है?

A. पवन चलने के कारण

B. शोषित सुखाने के कारण

C. गर्मी में हल चलाने के कारण

D. चारो ओर अनल होने के कारण

# हास्य संवाद के आधार के पर दिये गए प्रश्नों के उत्तर पहचानिए



अध्यापकः तुम किस वंश के हो?

छात्रः जानवरों के ,

अध्यापकः क्या मतलब ?

छात्रः पापा मुझे गधा ,मम्मी मुझे बंदर और दादाजी मुझे शेर का बेटा कहते हैं।

1. छात्र अपने को किस वंश का बताया ?

A. मानव

B. जानवर

C. देवताओं के

D. गंधर्वों के

2. दादाजी बच्चे को क्या कहते हैं ?

A. गधा

B. बंदर

C. शेर का बेटा

D. बाघ का बेटा

स्टेशन में घोषणा के आधार पर प्रश्न दिए गए हैं ।

रानी और रमेश दादाजी के साथ दिल्ली जाने के लिए स्टेशन पहुँचे । इतने में चेन्नई से दिल्ली जाने वाली रेल गाडी की घोषणा हुई। कृपया ध्यान दें, यात्रीगण आप सबका स्वागत है। गाडी नं.23456 चेन्नई से दिल्ली जाने वाली अंडमान एक्सप्रेस थोडी ही देर में प्लाटफार्म नं. 3 में आने वाली है।

1. अंडमान एक्सप्रेस कहाँ से कहाँ जा रही है?

A. चेन्नई से बंगलौर B. चेन्नई से भोपाल

C. चेन्नई से दिल्ली D. चेन्नई से हैदराबाद

2. पेल्टफार्म नं.3 में गाडी नं.23456 ये गाडी आरही है।

A. एपी एक्सप्रेस

B. उत्कल एक्सप्रेस

C. अंडमान एक्सप्रेस

D. जीटी एक्सप्रेस

# विज्ञापन के आधार के पर दिये गए प्रश्नों के उत्तर पहचानिए

1. यह विज्ञापन किस चीज का हैं ?




A) मारवेल काफी

B) मारवेल चाय

C) मारवेल शरबत

D) मारवेल लस्सी

2. इस के साथ मुफ्त क्या है ?

A) मोबाइल रिचार्ज

B) इंटरनेट रिचार्ज

C) डिश रिचार्ज

D) केबल टीवि रिचार्ज

A लडके का नाम राकेश था । B राजा शूरसिंह पडोसी देश पर आक्रमण करने जा रहे थे।

इन कथनों को ध्यान से पढिये ।सूचना के अनुसार सही उत्तर पहचानिए।

A. कथन A और B दोनों सही है।

B. कथन A सही है और B और गलत है।

C. कथन A गलत है और B सही है ।

D. कथन A और B दोनो गलत है ।


‘दिल्ली से पत्र’ पाठ मे दिखाया गया इस इमारत का नाम क्या है ?

A. लालकिला

B. कुतुबमीनार

C. अक्षरधाम

D. राजघाट।



कहानी पाठ के आधार पर जोडी बनाते हुए ,सही विकल्प को पहचानिये

1.तेनालीराम- A महत्वपूर्ण हैं।

2.श्रीकृष्णदेवराय- B 64 खाने।

3.शतरंज की बिसात- C अष्टदिग्गज के कवि।

4.छोटी-छोटी चीजें भी- D हंपी।

कहानी पाठ के आधार पर जोडी बनाइए ।

1. 1-D 2-C 3-A 4-B
2. 1-C 2-D 3-B 4-A
3. 1-C 2-B 3-D 4-A
4. 1-A 2-B 3-C 4-D

पाठ के आधार निम्नलिखित पंक्तियों का सही क्रम पहचानिए ।

1.बहन जेनी को बहुत प्यार।

2.यहाँ मौसम अच्छा है ।

3.हमने बापूजी की समाधि राजघाट भी देखे।

4.यहाँ पर एक स्थान है-दीवाने-ए-खास ।

1. 4, 2, 1, 3
2. 2, 1, 4, 3
3. 2, 3, 4, 1
4. 2, 4, 3, 1


'प्यारा गाँव' पाठ में इनके अलावा किन पेशेवरों का नाम दिया गया है ?

A. निर्देशक, नायक ।

B. किसान, गायक ।

C. बढाई, राजगीर ।

D. बढई ,बंसोर ।



पारिवारिक पत्र में अपने पिता का संबोधन इस प्रकार होता है ।

A. प्रिय पिताजी

C. प्यारे पिताजी

B. पूज्य पिताजी

D. मान्य पिताजी

छुट्टी पत्र में 'सेवा में' कहाँ लिखा जाता है ।

A. ऊपर दायी ओर

B. नीचे दायी ओर


C. ऊपर बायी ओर

D. नीचे बायी ओर

वार्तालाप को पढ़कर प्रश्नों के सही उत्तर विकल्पों में पहचानिए

राकेश क्या खा रहे हो? कुमार –अकल की दवाई ।

| | |
|---|---|
| मुझे भी देदो थोडी सी | 10 रुपये लगेंगे |
| ये लो दस रुपये | ये लो दवाई |
| अरे ये तो गुड है | देखो आगई न अकल |



1. कुमार क्या खा रहे थे ?

A. शकल की दवाई

B. अकल की दवाई

C. नकल की दवाई

D. चहल की दवाई

2. अकल की दवाई देने के लिए कितने रुपये माँगे ?

A. दस B. बीस

C. तीस D. पचास

पंद्रह अगस्त के दिन झंडा फहराया जाता है,इसके आधार प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में पहचानिये।

1.राष्ट्रीय त्यौहारों में झंडा फहराते हैं, झंडा वंदना करने का मतलव यह है-

A. देश को सलाम करना

B. देश का अपमान करना

C. एक मामूली वंदना है

D. स्कूल को सलाम करना है



2. झंडे मे ये रंग दिखाई देते हैं

A. काला, लाल, सफेद

B .केसरिया, सफेद और हरा

C. लाल, पीला, सफेद

D. लाल, हरा, काला

| | | | |
|---|---|---|---|
| दि | शा | चाँ | द |
| म | प | र्व | त |
| सा | ग | र | ग |

निम्न शब्दों में से यह शब्द 'कौन' पाठ से नहीं है-

A. दिशा B. पर्वत

C. चाँद D. सागर




## विज्ञापन को पढकर प्रश्नों के उत्तर पहचानिये ।

1. फेना किसका नाम है ?

A. साबुन　　B. केक

C. नमकीन　　D. बिस्कुट

2.फेना से धोने पर कपडे ऐसे होते हैं-

A. काले होते हैं

B. साफ होते हैं

C. मजबूत होते हैं

D. फट जाते हैं


3. विज्ञापन में कपडे ये नहीं बोलते -

A. दाग हटाएँ

B. कपडे चमकाएँ

C. कपडे महकाएँ

D. कपडे रंगीन कराएँ



चित्र को देखकर प्रश्नों के उत्तर पहचानिये

1.इस चित्र में खरगोश के साथ यह भी है

A. मछली  B. मगर

C. मेंढक  D. कछुआ

2. खरगोश ये कर रहा है

A. सो रहा है

B. खा रहा है

C. दौड रहा है

D. चल रहा है

3. ये दोनो मिलकर जा रहे हैं-

A. बाजी जीतने के लिए

B. दोस्त से मिलने के लिए

C. खाना खाने के लिए

D. जंगल में घूमने के लिए


1. पाठ से संबंधित चित्र में, कौन किसे शुभकामनाएँ दे रहा है?

A. पिता,बेटी को

B. चाचा, बेटे को

C. भाई, बहन को

D. बेटी, पिता को



2. शुभकामनाएँ इसके द्वारा दिया जा रहा है-

A. फोन के द्वारा

B. पत्र के द्वारा.

C. पुस्तक के द्वारा

D. इंटरनेट के द्वारा।

वरंगल जिले के सम्मक्का -सारक्का ताडवाई मंडल के मेडाराम गाँव में इसे धूम-धाम से मनाते हैं

यह किसका उत्सव है ?

A. जनजातीय

B. धार्मिक

C. राष्ट्रीय

D. साधारण

मैं अब तक जान न पाई कैसी होती है पीडा।

इस पंक्ति में पीडा शब्द का क्या भाव है?

A. सुख

B. आराम

C. हँसी

D. दुख

शैलेंद्र कुमार की गीत की पंक्ति को पहचानिए ।

A. मीठे-मीठे मृदुल उमंग

B. सुख भरे सुनहरे बादल रहते हैं मुझको घेरे

C. कितना ही हो सिर पर भार

D. ज्यादा का नहीं लालच हमको .

चिडिया का गाना सुनकर सभी दरबारी मुग्ध हो गये। राजा की आँखों में खुशी के आंसू आ गए।

इससे यह पता चलता है-

A. चिडिया  का गाना कडुवा है

B. चिडिया का गाना मधुर है

C. चिडिया का गाना कर्कश है

D. चिडिया का स्वर मीठा नहीं है।

ईशान की भूमिका में दर्शील सफारी इस फिल्म की जान है। विश्वास नहीं होता कि वह बच्चा अभिनय कर रहा है।

इसका भाव यह है-

A. दर्शील सफारी का अभिनय बहुत अच्छा है

B. दर्शील सफारी का अभिनय ठीक नहीं है

C. दर्शील सफारी इस फिल्म के लिए बोझ है

D. दर्शील सफारी अभिनेता नहीं है

हम भारत के वासी हैं और भारत देश हमारा है ।

इस भाव से संबंधित पंक्तियाँ पहचानिए

A. होठों पे सचाई रहती है ,
जहाँ दिल में सफाई रहती है

B. सारी दुनिया से कहती है,
अब हम तो क्या सारी दुनिया

C. हम उस देश के वासी हैं
जिस देश में गंगा बहती है ।

D. मतलब के लिए अंधे होकर
रोटी को नहीं पूजा हमने

''धरती के पास सभी की आवश्यकताओं की पूर्ति करने की क्षमता है। किसी के लालच की नहीं''।

पाठ के आधार पर सोच कर प्रश्नों के उत्तर पहचानिए

यह संवाद किसका है?

A. युगरत्ना श्रीवास्तव

B. सुनीता विलियम्स

C. महात्मा गाँधी

D. संयुक्त राष्ट्र संघ।

जोडी बनाएँ -

| | |
|---|---|
| A. पर्वत | 1 धैर्य न छोडो |
| B. सागर | 2 ढक लो तुम सारा संसार |
| C. तरंग | 3 गहराई लाओ |
| D. पृथ्वी | 4 हृदय में उमंग भर लो |
| E. नभ | 5 ऊँचे बन जाओ |

## करपत्र के आधार के पर दिये गए प्रश्नों के उत्तर पहचानिए

1. करपत्र में किस विषय की जानकारी दी गई है।

    A. टाईफाइड B. मलेरिया

    C. डेंग्यू D. केंसर


2. मच्छरों को भगाने के लिए यह काम करना चाहिए।

    A. सूखी घास का धुँआ करना

    B. मिर्ची का धुँआ करना

    C. नीम की पत्ती का धुँआ करना

    D. कोयला का धुँआ करना



### मलेरिया के विषय में जानकारी

(1) इन दिनों में कोई भी बुखार मलेरिया हो सकता है।

(2) मलेरिया का जल्दी इलाज नहीं होने पर आपकी जान भी जा सकती है।

(3) बुखार कैसा भी हो खून की जाँच करायें, और मलेरिया की गोली लें।

#### मलेरिया से बचने के उपाय

(1) घर के आस–पास गन्दा पानी जमा न होनें दें, इस पानी में मच्छर अंडे देते हैं तथा पनपते हैं।

(2) गन्दा पानी जमा होने वाले गड्ढों को मिट्टी से भर दें।

(3) मच्छरों को भगाने के लिए नीम की पत्ती या कंडों का धुँआ करें।

(4) सुबह सूरज निकलते समय या शाम को सूरज ढलते समय शरीर के खुले हिस्से में सरसों का तेल लगाएँ।

(5) सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें।

**निर्देश :**

(1) कोई भी बुखार मलेरिया हो सकता है इसलिए तुरन्त खून की जाँच कराएँ।

(2) डॉ. के बताये अनुसार ही दवा लें, और पूरी खुराक लें।

(3) अधिक बुखार होने पर ठंडे पानी की पट्टी करें तथा बुखार नीचे उतारें।

(4) मलेरिया की दवा खाली पेट न लें, बेहतर होगा दवा दूध के साथ लें ।

(5) मलेरिया की मुफ्त जाँच व इलाज के लिए इस टेलीफोन नं. पर सम्पर्क करें – फोन नं. 553374

(6) यदि वहाँ से सहायता न मिले तो इस टेलीफोन नं. पर सम्पर्क करें : 730914, 743157

पुस्तक विक्रेता को पत्र

प्रेषक

श्याम

जि.प.हाई स्कूल

सेवा में : विजयवाडा

व्यवस्थापक १-१-१७

द.भा.हिं.प्रचार सभा,

हैदराबाद।

प्रिय महोदय,

निम्नलिखित पुस्तकें मेरे पते पर वी.पी.पी के जरिए शीघ्र भेजने की कृपा करें। रु 150 अग्रिम भेज रहा हूँ। उचित कमीशन दीजिए।

आवश्यक किताबें :

| | |
|---|---|
| सरल हिंदी व्याकरण भाग-३ | 10 प्रतियाँ |
| हिंदी तेलुगु कोश | 06 प्रतियाँ |
| कुल | 16 प्रतियाँ |

पत्र के आधार प्रश्नों के उत्तर पहचानिए ।

आपका श्याम

1. पुस्तक बिक्री विभाग यहाँ है-

A. विजयवाडा

B. हैदराबाद

C. निजामाबाद

D. राजमंड्री

2. अग्रिम इन्हें भेज रहे है -

A. प्रधानध्यापक

B. व्यस्थापक

C. मित्र

D. पहचान वाले को

3. यह पत्र इस प्रकार का है

A. पारिवारिक पत्र

B. व्यापारिक पत्र

C. औपचारिक

D. अनौपचारिक

निम्नलिखित निबंधांश पढकर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर विकल्पों से पहचानिए .

भारत गाँवों का देश है। आखरी से पहले लगभग सात लाख गाँव थे। इनमें भारत की पचहत्तर प्रतिशत जनता रहती है।गाँधीजी कहा करते थे कि ‘‘वास्तविक भारत को देखना है तो गाँवों को ही देखना चाहिए । भारत तो गाँवों में ही रहता है ।

1. निबंध का उचित शीर्षक पहचानिए -

A. भारत के शहर

B. भारत के गाँव

C. ग्राम समाचार

D. बोला हर भारत ।

2. गाँव में कितनी प्रतिशत जनता रहती है ।

A. 70%    B. 80%

C. 75%    D. 85%

3. ‘‘वास्तविक भारत  यहाँ दिखाई देता है-

A. शहरों में  B. कस्बों में

C. गलियों में  D. गाँवों में

# भाषा की बात में कोई बदलाव नहीं है

# धन्यवाद